तुलसी जन्म जयंती विशेष



सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 48 | इंदौर, बुधवार 23 अगस्त, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

मोरारी बापू

## तुलसी अस्तित्व की कोई व्यवस्था है...

### तुलसी बोले तो मुझे लगे कि महादेव बोले..
### होंठ तुलसी के हिलते हैं ... बोलते हैं मेरा विश्वनाथ...

मुझे लगता है जैसे 7 सोपान है .....वैसे तुलसी के इर्द-गिर्द भी 7 रत्न है.....

1... एक तुलसी स्वयं रत्न है ....विश्व का रत्न है ....उसके समान कौन रत्न है ?..... सागर से निकले 14 रत्नों से भी ऊपर कोई रत्न है तो तुलसी है.....

2... और दूसरा रत्न... मेरी दृष्टि में .... जिस महापुरुष तुलसी के पिता बन कर आए .....जो पिता है सरयूपरी ब्राह्मण..... आत्माराम दुबे ....ये दूसरा रत्न है ....



3...तुलसी जी की मातुश्री.... जन्म दात्री... हुलसी जी.... ये तीसरा रत्न है ....

4... चौथा रत्न.... जिस दासी ने तुलसी को बड़ा किया.... माँ तो मर गई ......जो दासी तुलसी को बड़ा करती है..... वो चौथा रत्न है मेरी दृष्टि में .....

5....पाँचवा रत्न है.... तुलसी जी की प्रथम गुरु देवी रत्नावली जी ......

6...छठ्ठा रत्न .....तुलसी के सद्गुरु नरहरी महाराज......

7.... और सॉंतवा रत्न है राम नाम ...... ये सात रत्न .....तुलसी सहित ये 7 जो है मेरी दृष्टि में रत्न है .......उनकी हम स्मृति करेंगे रत्नावली में .......

एक माला होती है उसमें कई मणि होते हैं .....उसमें मुख्य जो होता है उसको भी रत्नावली कहते हैं..... जिसको मेरु कहते हैं .......और अर्थ लगाने में मुझे कोई संकोच नहीं कि शायद तुलसी की इस सप्त मणके की माला में रत्नावली शायद मेरु है .....शायद मेरु है..... शायद मेरु है.....

|| राम कथा | मानस रत्नावली-मोरारी बापू ||

MORARI BAPU



'रामायण' सभी को समान मानकर सभी को प्रेम देता है।

' Ramayana ' reckons everyone as equal, it gives love to everyone.

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

MORARI BAPU



'रामचरितमानस' का आदि सत्य है, उसका मध्य प्रेम है और उसका समापन करुणा में होता है।

The beginning of 'Ram Charit Manas' is Truth, its middle portion is Love & it concludes in Compassion.

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

MORARI BAPU



तुलसी का 'रामचरितमानस' ग्रंथ हमारे जीवन का एक पंथ बन गया है।

Tulsiji's volume of 'Ram Charit Manas' has become the Path of our life.

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

# प्याज पर निर्यात शुल्क के विरोध में उतरे किसान

## कलेक्ट्रेट का किया घेराव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्याज की कीमतें नियंत्रण में रखने के लिए केंद्र सरकार ने इसके निर्यात पर 40 प्रतिशत ड्यूटी लगा दी है। इस फैसले के खिलाफ मध्यप्रदेश में भी विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। इंदौर में भारतीय किसान संघ ने मंगलवार को कलेक्टर ऑफिस का घेराव किया। किसानों ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।**

रतलाम में किसानों ने मंडी में नीलामी बंद रखी। मंडी का गेट भी बंद कर दिया। उनकी मांग है कि निर्यात शुल्क का निर्णय वापस लिया जाए। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। मालवा प्रांत के 15 जिलों में भी ज्ञापन दिए गए हैं। ज्ञापन देने लगभग 400 लोग पहुंचे थे। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी थीं।

भारतीय किसान संघ के इंदौर जिला अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह राठौर ने कहा कि सरकार इस फैसले को 15 दिन के अंदर वापस ले अन्यथा संघ देश के सभी सांसदों का घेराव करेगा। उन्होंने कहा, 'निर्यात शुल्क से लागत भी नहीं निकल पाएगी। इससे हमारा काफी नुकसान होगा। सुनवाई नहीं हुई तो सांसदों का घेराव करने के साथ प्रांत की सभी मंडियों को बंद किया जाएगा।

### कीमतों पर नियंत्रण के लिए लगाई ड्यूटी

टमाटर के बाद अब प्याज के दाम देशभर में लगातार बढ़ रहे हैं। कीमतों को काबू में रखने के लिए केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40त्न ड्यूटी लगा दी है। वित्त मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी किया है कि प्याज पर निर्यात ड्यूटी 31 दिसंबर तक रहेगी। अभी तक इसके निर्यात पर कोई टैक्स नहीं वसूला जाता था। सरकार इस कदम से देश में प्याज की उपलब्धता बनाए रखना चाहती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बीती 10 अगस्त को प्याज का ऑल इंडिया रिटेल प्राइस 27.90 रुपए प्रति किलो था, जो एक साल पहले इसी अवधि में 2 रुपए प्रति किलो से ज्यादा है। यानी पिछले साल के मुकाबले प्याज 14 गुना महंगा हो चुका है।

# भाइयों का मुंह मीठा कराने का बदला पेटर्न

## मिठाई नहीं अब बहनें बुक करा रही चाकलेट्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **जैसे-जैसे समय बदलता जा रहा है त्योहार मनाने का तरीका भी बदल रहा है. कभी घर की मिठाई का चलन था फिर बाजार की मिठाई और अब चाकलेट का दौर चल रहा है. इस रक्षाबंधन पर बहनें अपने भाइयों का चाकलेट्स से मुंह मीठा कराने के लिए अभी से बुकिंग करा रही हैं. वहीं भाई भी इस काम में पीछे नहीं हैं, वह भी रक्षाबंधन पर बहनों के लिए उनकी पसंद की स्पेशल चाकलेट बुक करा रहे हैं.**

**कई प्रकार की होती है चॉकलेट-** इन दिनों राखी के लिए मैन्युफैक्चर्स द्वारा खास चॉकलेट्स तैयार की जा रही हैं, जो आम चॉकलेट्स और मिठाइयों से बहुत अलग हैं. इंदौर की चॉकलेट मैन्यूफैक्चरर नैना पंजाबी बताती है बच्चों और यंग जनरेशन को चॉकलेट्स बहुत पसंद आती है, जो कई प्रकार की होती जैसे मोल्डेड चॉकलेट, कोटेड चॉकलेट, लेयर्ड चॉकलेट, फिल्ड चॉकलेट और चॉकलेट क्लस्टर लेकिन कॉमन चॉकलेट्स से डिफरेट इस बार राखी के लिए हमने खास हैंडमेड प्रिंट चॉकलेट्स तैयार की है.

### मैसेज भी प्रिंट करा सकते हैं

चॉकलेट का आकर्षण सिर्फ फ्लेवर ही नहीं इनकी डिजाइंस भी है. इसे मिठाई के रूप में चॉकलेट नट्स, बॉल, ट्रोयाल जैसे शेप्स में डिजाइन किया गया है. इस पर सिम्बॉल या मैसेज भी प्रिंट करा सकते है.

### 61 फ्लेवर में हैं चाकलेट

कई लोगों का अपना एक पसंदीदा फ्लेवर होता है जिसे वो आम मिठाई में नहीं खा पाते इसलिए स्पेशल राखी के लिए चॉकलेट मेकिन मे वोडका, कॉफी, लेमन मिट, पान जैसे 61 फ्लेवर है, जिसे वे अपने दोस्तों को फेस्टिवल्स पर गिफ्ट कर सकें. ये चॉकलेट्स 30 रु. प्रति पीस से इनके फ्लेवर डिजाइस और साइज के अकॉर्डिंग 80 रुपए प्रति पीस तक परचेस की जा सकती है.

### बढ़ती जा रही मांग

समय के साथ-साथ मिठाइयों की जगह चाकलेट की मांग बढ़ती जा रही है. इसके चलते निर्माता भी आकर्षक पैकिंग में चाकलेट उपलब्ध करा रहे हैं.

## दिव्यांग की मौत बाद  पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

**इंदौर**। द्वारकापुरी पुलिस ने दिव्यांग अमन पाल( 55 ) की मौत के मामले में प्रवेश शर्मा,बिहार के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। मोहन पाल ने शादी के लिए पचास हजार रूपए दिए थे लेकिन उसने शादी नहीं कराई और पैसे भी नहीं लौटाए थे। घटना के बाद अमन द्वारकापुरी थाने में रिपोर्ट लिखाने गया था उसे थानेदार ने अपमानित कर भगा दिया था। दुखी होकर उसने सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के बाद 1 अगस्त को आत्महत्या कर ली थी गुस्साए लोगों ने द्वारकापुरी थाने का घेराव किया था और थानेदार को सस्पेंड कर दिया था मोहन पाल की मौत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया।

## निगम का फिर राजबाड़ा में एक्शन

# फुटपाथ से सामान जब्त, बोर्ड से लेकर कपड़े तक उठा ले गई रिमूवल गैंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राजबाड़ा क्षेत्र में फुटपाथ विक्रेताओं के खिलाफ मंगलवार को फिर एक बार नगर निगम की टीम कार्रवाई करने पहुंची। फुटपाथ पर कब्जा करने वाले ठेले और खोमचे वालों पर एक्शन लेते ही बाजार में अफरातफरी मच गई। इस दौरान पुलिस भी साथ रही। टीम ने फुटपाथ खाली कराना शुरू किया तो झड़प जैसे हालात बन गए।

एक महिला का निगम की टीम के साथ काफी देर तक वाद-विवाद चलता रहा। फिलहाल यह कार्रवाई अभी जारी है। नगर निगम की टीम ने जूते-चप्पल, कपड़े और चाट के ठेले जब्त कर लिए हैं। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आल्हा बाजार, गोपाल मंदिर, निहालपुरा, इमामबाड़ा, खजूरी बाजार और आसपास के क्षेत्रों में की गई है।

नगर निगम ने इस बार हाथ में सामान लेकर बेचने वालों को भी नहीं छोड़ा है। इनका भी सामान जब्त कर लिया गया है। कपड़े की जो बड़ी दुकानें हैं उनके खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। इन दुकानों के बाहर जो कपड़े लटके हुए थे उन्हें जब्त कर लिया गया है।

फुटपाथ विक्रेताओं में निगम की इस कार्रवाई से काफी आक्रोश है। मैदानी स्थिति यह है कि मंगलवार को आधे फुटपाथ विक्रेताओं ने दुकानें नहीं लगाई जबकि आधे वहीं बाजारों में घूमकर फिर से मौके की तलाश में हैं। उनका मानना है कि जैसे ही नगर निगम की टीमें रवाना होंगी वे दुकान लगा लेंगे।

### व्यापारियों ने बड़ी मात्रा में खरीदी थी राखी

दरअसल, राजबाडा क्षेत्र के बाजारों में फुटपाथ विक्रेताओं का काफी बड़ा कारोबार है। चूंकि राखी त्यौहार नजदीक है इसलिए उन्होंने काफी मात्रा में सामान की खरीदी कर तैयारियां कर ली थी। उनको सबसे ज्यादा लाभ इन्हीं बाजारों में दुकानें लगाने से होता है। अब पिक टाइम ने नगर निगम द्वारा इन्हें हटाने से इनका धंधा चौपट हो रहा है। ये लोग कहीं अन्य वैकल्पिक स्थान पर नहीं जाना चाहते क्योंकि वहां ज्यादा ग्राहकी नहीं है। ऐसे में अब ये विक्रेता अपने आकाओं (किराए से जगह देने) वालों के संपर्क में है कि फिर से उन्हें वहीं स्थान मिल जाए।

## कटाक्ष




# 60 अवैध कालोनियों के वैध होने का रास्ता हुआ आसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा अपनी विभिन्न योजनाओं में प्रभावित कालोनियों को योजना से डिनोटीफाई किया जाएगा। आईडीए ने इसके लिए 60 कालोनियों की सूची शासन को भेजी हैं। इसमें उन योजनाओं की कालोनियों को शामिल किया गया है, जहां दस साल से प्राधिकरण ने कोई विकास कार्य नहीं किया है या योजना प्रभावी नहीं रही। इसके अलावा अन्य कालोनियों की सूची भी तैयार की जा रही, जो जल्द ही शासन को भेजी जाएगी।

प्राधिकरण द्वारा राज्य शासन को विभिन्न योजनाओं को व्यपगत करने के निर्णय का पत्र भेजा गया हैं, ताकि शासन द्वारा शीघ्र निर्णय लेकर निर्देश प्रदान किए जा सके। प्राधिकरण अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में सम्मिलित अवैध कालोनियों को वैध करने का रास्ता अब ज्यादा दूर नहीं है।

योजना क्रमांक 161, योजना क्रमांक 172, योजना क्रमांक 77 में आने वाली कालोनियों को वैध किया जा सकेगा। इससे इन कालोनियों में रहने वाली लगभग 50 लाख से ऊपर जनसंख्या का अपना आवास वैध हो सकेगा। चावड़ा ने बताया कि इन कालोनियों में स्तरीय नागरिक सुविधाओ जैसे- अच्छे रोड़, ड्रेनेज, पानी आदि की व्यवस्थित व्यवस्था हो सकेगी।

हाल ही में प्राधिकरण संचालक मंडल द्वारा कालोनियों को डिनोटिफाइड करने का निर्णय लिया गया। फलस्वरूप शासन को परीक्षण कर प्रस्ताव भेजने की भी कार्रवाई की जा सकी है।

### अन्य कालोनियों की बन रही सूची

चावड़ा ने बताया कि अभी 60 के करीब कालोनियों का प्रस्ताव भेजा हैं। शेष कालोनियों के डीनोटिफाई किए जाने का निर्णय कर प्रस्ताव शीघ्र ही शासन को प्रेषित किया जाएगा। वर्तमान में इन योजनाओं का परीक्षण किया जा रहा है, ताकि इन योजनओं में सम्मिलित शेष कालोनियों के रहवासियों को इसका अपेक्षित लाभ शासन के निर्णय अनुसार शीघ्र मिल सके।

बेटों ने पूरी की स्व. मां की इच्छा ...

# दो करोड़ की जमीन स्वामीजी को सौंपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बदलते समय के साथ देखने में आ रहा है कि पारिवारिक और संपति के विवाद में कई बार कलयुगी बेटे ही माता-पिता के दुश्मन बन जाते हैं और उन पर हाथ तक उठा देते हैं, लेकिन आज के समय में कुछ ऐसे बेटे भी हैं, जो अपनी मां के स्वर्गवास के बाद भी उनकी इच्छा को पूरा करना अपना परम कर्तव्य समझते हैं. अपनी मां की इच्छा पूरी करते हुए तीन बेटों ने दो करोड़ रुपए की जमीन मठ को सौंपी और मां का संकल्प पूरा किया.**

कोठारी परिवार ने नेमावर में हुए धार्मिक आयोजन के दौरान नागोरिया पीठाधीश्वर विष्णुप्रपन्नाचार्य स्वामीजी को 1 एकड़ रुपए जमीन दी. दरअसल कोठारी परिवार की मुखिया गुलाबबाई पति शालिग्राम कोठारी का निधन 10 फरवरी 2018 को हो गया था.मृत्यु से करीब 2 माह पहले गुलाबबाई ने विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज से मिलकर उन्हें मठ को एक एकड़ जमीन दान में देने की इच्छा जाहिर की और संकल्प लिया.

### महाराज को दिलाया विश्वास

महाराज ने भी तुरंत कहा कि अगर भविष्य में आपके सुपुत्रों के बीच आपके इस निर्णय को लेकर मतभेद हुए तो समस्या होगी, तभी गुलाबबाई ने महाराज को विश्वास दिलाया कि ऐसा कुछ नहीं होगा.

### पांच साल बाद तीनों भाई ने दी जमीन

करीब पांच साल बाद नेमावर में हुए धार्मिक आयोजन के दौरान गुलाबबाई के पुत्र डॉ मोहन कोठारी ने निवासी कन्नौद, विष्णुप्रसाद कोठारी निवासी इंदौर और रामनारायण कोठारी निवासी कन्नौद ने नेमावर में विष्णु प्रपन्नाचार्य महाराज को दो करोड़ रुपए कीमत एक एकड़ जमीन सौंपी. यह जमीन मुख्य मार्ग इंदौर-नागपुर हाइवे पर स्थित है.

### जमीन के अन्न को धार्मिक कार्य में लगाने की थी इच्छा

विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज ने भी कोठारी परिवार के इस निर्णय पर उन्हें साधुवाद दिया और बताया कि कोठारी परिवार की माताजी ने उनके सामने ही जमीन देने को लेकर संकल्प लिया था. स्वामी ने बताया कि गुलाब बाई ने इस जमीन पर होने वाले अन्न को धार्मिक कार्य हेतु उपयोग की इच्छा भी जताई थी।

# साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम

## एडीशनल डीसीपी क्राइम ने लगाई क्लास बच्चों के बताए बचने के उपाय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में इंदौर पुलिस टीम प्रूडेंशियल किड्स हायर सेकंडरी स्कूल निपानिया पहुंची।**

क्षत्रिय कलमकार संघ के सौजन्य से मंगलवार को प्रूडेंशियल किड्स हायर सेकंडरी स्कूल निपानिया में सायबर अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में एडीशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया मौजूद थे। उन्होंने छात्र एवं छात्राओं को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों, इनके करने के तरीके तथा इनसे किस प्रकार बचा जाए आदि के संबंध में विस्तृत रूप से बताया। उन्हें विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड और सोशल मीडिया का दुरुपयोग करके अपराधी किस प्रकार हमें फंसाते हैं, इसकी जानकारी भी दी। इनसे बचने के लिए सावधानीपूर्वक इनका इस्तेमाल करने और अपनी निजी जानकारी किसी से शेयर न करने के बारे में समझाइश दी। उन्होंने स्टूडेंट्स से वर्तमान में पुलिस के पास आने वाले सायबर अपराध संबंधी शिकायतों को साझा किया। साथ ही सोशल मीडिया फ्राड, कॉल सेंटर के माध्यम से फ्राड, सेक्सटॉर्सन, विभिन्न प्रलोभन संबंधी लॉटरी फ्राड, फर्जी लोन एप और हुबहू आपकी आवाज में आपके अपनों को कॉल कर, किए जाने वाले फ्रॉड आदि के संबंध में व्याख्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम सभी स्मार्ट फोन का उपयोग कर रहे हैं तो हमें बहुत ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। सावधानी ही इन अपराधों से सबसे बड़ा बचाव है। इस दौरान बच्चों ने साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराधों से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न किए, जिनके बारे में बड़े रोचक तरीके से उनका उत्तर देकर, उन्होंने बच्चों की जिज्ञासाओं का दूर किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (क्राइम ब्रांच) इंदौर राजेश दंडोतिया, उनि. शिवम ठक्कर, सउनि. गयेंद्र यादव, क्षत्रिय कलमकार संघ के सचिव सुनील सिंह शेखावत, स्कूल प्राचार्या अनीता सचान व स्टाफ उपस्थित था।

# फैक्ट्री में बना रहे थे नकली बायोडीजल

## क्राइम ब्रांच इंदौर एवं खाद्य विभाग की संयुक्त छापामार कार्यवाही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बाणगंगा इलाके में नकली बायोडीजल बनाने की सूचना पर क्राइम ब्रांच और खाद्य विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए दबिश देकर लाखों रुपए का नकली बायोडीजल जब्त किया।**

क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना बाणगंगा क्षेत्र स्थित ग्राम जाख्या में फैक्ट्री में अवैध रूप से नकली बायोडीजल का निर्माण कर भंडारण व विक्रय किया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच इंदौर ने खाद्य विभाग की टीम को साथ लेकर संयुक्त रूप से मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी गई। जहां पर फैक्ट्री में निरीक्षण करते संचालक रिंकू उफऱ् मदन मोहन तलवडिया नि सुखलिया गांव व श्रीराम भील नि ग्राम देवली जिला शाजापुर हाल - गणेश धाम थाना बाणगंगा फैक्ट्री में नकली बायोडीजल का निर्माण किया जाकर अलग अलग स्थानों पर सप्लाई किया जा रहा था जिसकी कीमत लाखो रुपए की होकर करीब 5,300 लीटर फैक्ट्री में रखा मिला।

संयुक्त टीम द्वारा दी गई दबिश पर संचालक रिंकू उफऱ् मदन मोहन तलवडिय़ा द्वारा भण्डारण कर रखे नकली बायोडीजल को खाद्य विभाग की टीम द्वारा जप्त कर, उक्त सामग्री की जांच कर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# आकर्षित कर रहा भिक्षुकों का हुनर

## जो हाथ लेते थे भिक्षा, वह बना रहे भाई-बहन के स्नेह की डोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सुनने में बड़ा ही अजीब लगे कि भिक्षुकों का हुनर भी किसी को आकर्षित कर सकता है, या उनकी कलाकारी को देखकर कोई सोच भी नहीं सकता कि यह किसी भिक्षुक ने तैयार किया है, लेकिन मप्र के इंदौर में ऐसा ही कुछ हो रहा है. दरअसल सडक़ चौराहों और धर्म स्थलों पर भिक्षा मांगकर अपना जीवन गुजारने वाले भिक्षुकों को अब संस्था प्रवेश द्वारा आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है. इसके चलते भिक्षुक पुनर्वास केंद्र में उन्हें राखी बनाने का प्रशिक्षण देकर राखी बनवाई जा रही है. इन राखियों का विक्रय कर प्राप्त राशि इन भिक्षुकों को दी जाएगी. परम पूज्य रक्षक आदिनाथ वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसायटी( प्रवेश ) की अध्यक्ष रुपाली जैन भिक्षुकों को रेस्क्यु कर पुनर्वास केंद्र लाईं। यहां न केवल उनका पूरा ध्यान रखा जारहा है, बल्कि उन्हें भिक्षा मांगना छुड़वाकर आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर किया जा रहा है. उनके हुनर को पहचान कर उन्हें उसके अनुरूप ही काम दिया जा रहा है.

### तिरंगों का भी किया निर्माण

हाल ही में स्वतंत्रता दिवस के लिए भी इन भिक्षुकों द्वारा घर-घर तिरंगा अभियान के लिए झंडे बनाएं गए, तो वहीं आने वाले रक्षाबंधन के लिए भी संस्था द्वारा प्रशिक्षण देकर राखियों का निर्माण कराया जा रहा है. एक से बढक़र एक सुंदर राखियों का निर्माण ये भिक्षुक कर रहे हैं. इन राखियों को स्टाल लगाकर विक्रया किया जाएगा और उससे प्राप्त राशि इन्हें दी जाएगी, जिससे वे और भी कुछ नया करें और आत्मनिर्भर बनें.

### हर त्योहार की कराते हैं तैयारी

संस्था की रूपाली जैन बताती हैं कि शहर से हमें भिक्षावृत्ति को खत्म करना है न कि भिक्षुकों को। इसलिए वे चलाए जा रहे अभियान में भिक्षुकों को पुनर्वास केंद्र लाकर उनकी रूचि के हिसाब से कार्य का प्रशिक्षण दिलवाती हैं. लगभग प्रत्येक पर्व त्योहारों पर इनके द्वारा आकर्षक वस्तुएं तैयार की जाती है. अब तक अनेक भिक्षुक यहां से कुछ कुछ सीखकर स्वयं का व्यवसाय भी कर रहे हैं.



# चंद्रयान की सॉफ्ट लैंडिंग के लिए महाकाल से प्रार्थना

◆ भस्म आरती में चंद्रयान की तस्वीर लेकर पहुंचे श्रद्धालु; पहले अभिषेक किया था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग के लिए उज्जैन में 14 जुलाई को अनुष्ठान-अभिषेक किया गया था। अब करीब 40 दिन बाद चांद की सतह पर चंद्रयान की लैंडिंग होने जा रही है। देश भर के लोग चंद्रयान की सॉफ्ट लैंडिंग के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। इसके लिए उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती के दौरान विशेष पूजन अर्चन किया गया।**

पंडित यश गुरु ने बताया कि भस्म आरती के दौरान श्रद्धालु और भारतवासियों की मंशा अनुसार चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग के लिए भगवान महाकाल का पूजन अभिषेक कर भस्म आरती लैंडिंग की उलटी गिनती



शुरू होने के बाद विक्रम लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग के लिए प्रार्थना की गई। इसरो चीफ डॉ. एस. सोमनाथ बीती 24 मई को उज्जैन आए थे। उन्होंने महाकालेश्वर सहित अन्य मंदिरों के दर्शन किए थे। इसरो प्रमुख ने महाकाल मंदिर में चंद्रयान 3 की सफलता के लिए कामना की थी।

### चंद्रयान-3 की उल्टी गिनती शुरू

करीब चार साल बाद इसरो अधूरा काम पूरा करने जा रहा है। उल्टी गिनती जारी है। शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चांद की सतह पर पहुंचेगा। लैंडर और रोवर चांद के एक दिन यानी धरती के 14 दिन के लिए एक्टिवेट हो जाएंगे। चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग में सफलता मिलते ही अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा। हालांकि, रूस के चांद पर पहुंचने के मिशन को धक्का लगा है। वो सतह पर पहुंचने से पहले ही क्रैश हो गया था।

### चंद्रयान मिशन के 3 लक्ष्य

चंद्रयान-3 के लैंडर की चांद की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग। इसके रोवर को चांद की सतह पर चलाकर दिखाना। वहां मौजूद एलिमेंट्स का वैज्ञानिक परीक्षण।

# जहर ने छीनी 3 जिंदगी, पुलिस कर रही जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा में जहर के सेवन के बाद दो युवकों और एक बालिका की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई, तीन अलग-अलग मामलों में ये पता नहीं चल पाया है कि आखिर तीनों ने जहर का सेवन क्यों किया? पुलिस ने मौत के बाद जांच शुरु कर दी है। जानकारी में पुलिस ने बताया कि देहात के रोहनाकलां निवासी 27 वर्षीय गंगा पिता हंसलाल उईके को जहर के सेवन के बाद बीते दिन उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था।**

इस दौरान जहर अधिक फैलने के कारण उन्हें नहीं बचाया जा सका और उन्होंने दम तोड़ दिया ।इसी तरह बिछुआ के ग्वारीमाल निवासी 48 वर्षीय सहसराम पिता सुमरु उईके को गत बीस अगस्त के दिन जहर के सेवन के बाद उपचार के लिए बिछुआ से रिफर किया गया था लेकिन बीते दिन सहसराम ने दम तोड़ दिया।

जहर के सेवन से मौत का तीसरा मामला चौरई का है, यहां रहने वाली 15 वर्षीय कुमारी शबा पिता राशिद खान को जहर के सेवन के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, डाक्टरों ने अभी उसका उपचार शुरू ही किया था कि शबा ने दम तोड़ दिया।

तीनों ही मामलों में ये पता नहीं चल पाया है कि मृतकों ने किन परिस्थितियों में जहर का सेवन किया? पुलिस ने मौत के बाद तीनों के शवों का पोस्टमार्टम करा लिया है जबकि प्रकरण में मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# 82 लाख का इनामी नक्सली पत्नी समेत जबलपुर से गिरफ्तार

चार राज्यों में 60 से ज्यादा मामले दर्ज, MP में मजबूत कर रहे थे नक्सल नेटवर्क

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (ATS) ने जबलपुर से नक्सली दंपती को गिरफ्तार किया है। नक्सली अशोक रेड्डी उर्फ बलदेव (62) पर मध्यप्रदेश समेत तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में संयुक्त रूप से 82 लाख रुपए का इनाम घोषित है। उसके खिलाफ 60 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। दंपती के कब्जे से पिस्टल, कारतूस, माओवादी साहित्य और तीन लाख रुपए नकद मिले हैं। वे दोनों प्रतिबंधित माओवादी संगठन सीपीआई के सक्रिय सदस्य हैं।

एटीएस से जुड़े सूत्रों ने कहा, 'सोमवार को जानकारी मिली थी कि नक्सल दंपती जबलपुर के निजी अस्पताल में इलाज कराने आए हैं। एटीएस की टीम ने अस्पताल में छापा मारकर अशोक रेड्डी और उसकी पत्नी रैमती उर्फ कुमारी पोटाई (43) को गिरफ्तार कर लिया। अशोक तेलंगाना के गोलकुंडा जबकि रैमती छत्तीसगढ़ के नारायणपुर की रहने वाली है।'

### CPI की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्य

एटीएस अफसरों का कहना है कि अशोक रेड्डी प्रतिबंधित संगठन CPI की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का सदस्य है। वहीं, रैमती उत्तर बस्तर क्षेत्र में पार्टी के लिए प्रचार-प्रसार का काम देखती है। वह माओवादी साहित्य, पर्चे, पम्पलेट, प्रेस विज्ञप्ति, बैनर, पोस्टर आदि को छपवाने का काम संभालती है। अशोक के खिलाफ चार राज्यों में हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, बलवा, पुलिस पर हमला, अपहरण, लूट, आगजनी समेत विस्फोटक अधिनियम और आर्म्स एक्ट में 60 से ज्यादा केस दर्ज हैं। नक्सली अशोक रेड्डी का मुख्य कार्य क्षेत्र तेलंगाना और छत्तीसगढ़ से संबंधित रहा है। मध्यप्रदेश में भी नक्सल नेटवर्क और कैडर मजबूत करने में इसके शामिल होने की आशंका है। एटीएस आरोपियों से जुड़े अन्य सूत्र, नेटवर्क और मॉड्यूल की जानकारी पता कर रहा है।

# शिवराज बोले- भाजपा के लिए गरीब भगवान है

## उन्हें कांटे और पत्थर चुभे तो पीड़ा भाजपा को हुई, इसीलिए चरण पादुका योजना बनाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले की पोहरी विधानसभा में मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तेंदू पत्ता संग्राहकों को मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना के तहत हितलाभ का वितरण करते हुए चप्पल, पानी की बोतल, महिलाओं को साड़ी का वितरण किया। आमसभा को संबोधित करते हुए सीएम शिवराज ने कहा कि भगवान ने यह धरती सबके लिए बनाई है। इस धरती पर भारतीय जनता पार्टी के लिए गरीब भगवान है।

तेंदू पत्ता संग्राहकों को जंगल में जाना पड़ता है उन्हें कांटे चुभते हैं पत्थर चुभते हैं। इसकी पीड़ा भारतीय जनता पार्टी को होता है। इसी के चलते भारतीय जनता पार्टी की सरकार मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना बनाई गई है। इसके तहत गरीब आदिवासी भाई बहनों को चरण पादुका वितरित की जाती हैं। सीएम शिवराज ने कहा कि बीजेपी मध्यप्रदेश के रहने वाले किसी भी व्यक्ति को बिना जमीन के नहीं रहने देगी। सभी को रहने के लिए जमीन के पट्टे दिए जाएंगे। मध्यप्रदेश में आवासीय भू अधिकार योजना चलाई जा रही है। जल्द ही शिवपुरी में 27 हजार हितग्राहियों को आवास बनाने के लिए जमीन के पट्टे दिए जाएंगे। जिनके नाम पीएम आवास में छूट गए हैं उन्हें मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराए जाएंगे।

इस दौरान सीएम शिवराज के साथ केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, वन मंत्री विजय शाह, प्रभारी मंत्री डॉ महेंद्र सिंह सिसोदिया, राज्य मंत्री सुरेश धाकड़, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष प्रहलाद भारती, कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष जसवंत जाटव, पूर्व विधायक नरेंद्र बिरथरे, रमेश खटीक आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान सीएम शिवराज ने पोहरी विधानसभा में हुए विकास के कार्यों की विकास गाथा पुस्तक का भी विमोचन किया।

### विधायक ने दो बाइपास और कॉलेज की रखी मांग

इस मौके पर पोहरी विधायक सुरेश धाकड़ ने अपने संबोधन के दौरान क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों के वारे में अवगत कराया साथ सीएम शिवराज से पोहरी और बैराड़ में बाईपास बनाए जाने की मांग रखी साथ ही बैराड़ में एक कॉलेज बनाए जाने की मांग रखी।

### ज्योतिरादित्य सिंधिया बोले- कांग्रेस करती है फूट, लूट और झूठ की राजनीति

पोहरी की आम सभा में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया फिर एक बार कांग्रेस पर हमलावर हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी तीन तरह की कांग्रेस है। यह फूट, लूट और झूठ की कांग्रेस है। आने वाले नवंबर में पूरे ग्वालियर चंबल संभाग में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराने का काम आप और हम मिलकर करेंगे। जिस कांग्रेस ने वादाखिलाफी की हो, जिस कांग्रेस ने कांग्रेस किसानों का सत्यानाश किया हो आदिवासियों का सत्यानाश किया हो। उस कांग्रेस का इस बार ग्वालियर चंबल संभाग से पूरे तरीके से साफ करना है।

### बैराड़ में बनेगा कॉलेज

क्षेत्रीय विधायक सुरेश धाकड़ ने मंच से सीएम शिवराज से पोहरी और बैराड़ में बाईपास के साथ-साथ बैराड़ में एक कॉलेज बनाए जाने की मांग रखी थी। इन तीन मांगों में से एक मांग को सीएम शिवराज ने मानते हुए मंच से बैराड़ में कॉलेज बनाए जाने की घोषणा कर दी है।

# दो शराब कारोबारियों ने पुलिसकर्मी को डंडों से मारा

### शराब दुकान बंद कराने से नाराज थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** अयोध्या नगर में शराब कारोबारियों ने पुलिसकर्मी पर डंडों से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि पुलिसकर्मी कल्याण सिंह रात एक बजे शराब दुकान बंद कराने पहुंचा था। इससे नाराज होकर आरोपी अजीत द्विवेदी और भूपेंद्र सेंगर ने मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान वहां से गुजर रहे कार सवार ने वीडियो बना लिया। वीडियो में नजर आ रहा है कि आरोपी पुलिसकर्मी पर डंडे से हमला कर रहे हैं। पुलिसकर्मी बचने की कोशिश करता है, लेकिन आरोपी उसे सड़क पर गिरा देते हैं। आरक्षक कल्याण सिंह ने पुलिस को बताया कि जब आरोपियों को दुकान बंद करने और शराब नहीं पीने के लिए कहा, तो सभी ने बदतमीजी की, तभी आरोपियों में शामिल अमित बोला- रोज दुकान बंद करने आ जाता है। तुझे आज जान से ही खत्म कर देता हूं। इसके बाद अमित गाड़ी में से डंडा निकालकर लाया और जान से मारने की नीयत से सिर में मारा, जिसे सीधे हाथ से पकड़ा, तो डंडा हाथ की उंगलियों में लगा। अजीत दुबे ने जान से सिर में दूसरा डंडा मारा जो मुंह में लगा, इससे मुंह से खून निकलने लगा। इतना ही नहीं तीनों ने गालियां भी दीं। अयोध्या नगर थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी अजीत और सचिन को गिरफ्तार किया है।

# श्रद्धालुओं से भरी कार जलकर ख़ाक हुई

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, उज्जैन ।** महाकाल मंदिर दर्शन करने इंदौर से उज्जैन आ रहे श्रद्धालुओं की कार हरी फाटक ब्रिज पर जलकर ख़ाक हुई। गनीमत ये रही की सभी लोग सुरक्षित बाहर निकलने के बाद कार में लगी आग बेकाबू हुई। उज्जैन में बुधवार को महाकाल लोक से महज 500 की दुरी पर हरी फाटक ब्रिज पर बड़ा हादसा होते होते बच गया। दरसअल इंदौर निवासी आरटीओ में काम करने वाले विधायक प्रतिनिधि सुनील यादव दिल्ली से आये तीन मेहमानों और अपने बेटे को लेकर महाकाल मंदिर दर्शन के लिए अपनी स्विफ्ट कार से उज्जैन पहुंचे थे। वे मंदिर से कुछ ही दुरी पर थे की ब्रिज पर उन्हें कार में से कुछ जलने की बदबू आई उन्होंने बोनट खोलकर देखा तो उसमे आग लग रही थी। उन्होंने सभी कार से सुरक्षित बाहर निकाल लिया और आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग कुछ ही पलों में विकराल हो गई और पूरी कार को अपने चपेट में ले लिया।

## संपादकीय

# शायद दुनिया में पहली बार

सब जानते हैं कि अपराध की प्रकृति किस तरह बदल गई है और अपराधी आधुनिक तकनीकी संसाधनों का इस्तेमाल कर रणनीति बनाते और अपनी साजिशों को अंजाम देते हैं। ऐसे में पुलिस से अपेक्षा की जाती है कि वह भी आधुनिक तकनीकों से लैस हो और अपराधियों के साजिशों को अंजाम देने से पहले ही सतर्क हो जाए। उत्तर प्रदेश पुलिस ने कानून-व्यवस्था सुचारु बनाने का एक नायाब तरीका निकाला है। वहां के पुलिस महानिरीक्षक ने अपने सभी मातहत अधिकारियों को एक परिपत्र जारी कर आदेश दिया है कि वे हिंदू पंचांग देख कर चंद्रमा की गति के अनुसार सतर्कता बरतना शुरू कर दें, तो अपराध पर नकेल कसना आसान हो जाएगा। उनका दृढ़ विश्वास है कि अपराधी चंद्रमा की गति के अनुसार सक्रिय होते हैं। यानी जिस दिन अंधेरी रात होती है, उस दिन उनके लिए आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देना आसान होता है। पुलिस अगर उसी समय सक्रिय हो जाए, तो उन पर लगाम कसी जा सकती है। यह शायद दुनिया में पहली बार होगा, जब पुलिस ने अपराध को इस दृष्टि से देखा है। महानिरीक्षक ने बकायदा इसके लिए चार्ट बना कर अधिकारियों को समझाया। फिर उन्हें शायद भरोसा नहीं हुआ कि उनके अधिकारी उनके नुस्खे को अच्छी तरह समझ पाए हैं, इसलिए उन्होंने वीडियो बना कर जारी किया। उन्होंने आम लोगों को भी पंचांग के अनुसार सतर्क रहने को कहा है। पुरानी ग्रामीण मान्यताओं में बेशक यह बात लोगों की धारणा में बद्ध है कि अमावस्या की रात में चोर अधिक सक्रिय होते हैं। मगर आज जिस तरह अपराधों की प्रकृति और अपराधियों की प्रवृत्ति बदली है, उसमें चंद्रमा की कलाओं का उन पर कितना असर पड़ता है, कहना मुश्किल है। चंद्रमा की गतियों के अनुसार अपराध रोकने के लिए सक्रिय होने की बात उस प्रदेश के पुलिस महानिदेशक ने कही है, जहां अपराधी दिन दहाड़े तमंचा लहराते सड़कों पर घूमते और जहां मर्जी सरेआम किसी की हत्या करके निकल भागते हैं। भरी अदालतों में और पुलिस घेरेबंदी के बीच भी हत्या करने में उन्हें कोई हिचक महसूस नहीं होती। पुलिस अधिकारियों तक की हत्या कर देने में उनके हाथ नहीं कांपते। ऐसे में चंद्रमा की गतियों को और पंचांग में मुहूर्त देख कर पुलिस को कार्रवाई करने की सीख से उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की क्या स्थिति होगी, अंदाजा लगाया जा सकता है। योगी आदित्यनाथ का दावा है कि वे प्रदेश को अपराधमुक्त बनाएंगे। पिछले कार्यकाल में इस बात को हर मंच से दोहराते न थकते थे। इसके लिए उन्होंने पुलिस के हाथ भी खोल दिए। इस तरह पिछले पांच-छह सालों में कई नामी-इनामी बदमाश मारे भी जा चुके हैं। अपराध करने वालों के ठिकानों पर बुलडोजर चढ़ा कर उनका मनोबल तोड़ने का प्रयास किया गया है। मगर हैरानी कि मौजूदा महानिदेशक पुलिस को पंचाग देख कर चौकस होने का पाठ पढ़ा रहे हैं।

## अर्ज़ किया है..!

**बिना तेरे शहर का शहर वीरान रहता है,**
**बिछड़ के तुझसे हर रास्ता सुनसान रहता है,**
**वो तुझे तुझसे ज़्यादा प्यार करता है,**
**जो तेरे सामने अक्सर अंजान रहता है।**

## ज्ञान-विज्ञान

# चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग के लिए क्यों चुना गया आज का ही दिन?

### जानें क्या हो सकती हैं मुश्किलें




हर गुजरते पल के साथ बढ़ती उम्मीदों और उत्साह के बीच भारत एक नया इतिहास रचने को तैयार है। भारतीय अंतरक्षि अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा है कि चंद्रयान-3 मिशन तय समय पर है और बुधवार की शाम चांद के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में सॉफ्ट लैंडिंग के लिए सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। चंद्रमा पर उतरने के साथ ही भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश और चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बन जाएगा। इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन ऐतिहासिक करिश्मे को अंजाम दे चुके हैं।

लैंडर मॉड्यूल (विक्रम) की सॉफ्ट लैंडिंग का मतलब 6000 किलोमीटर प्रति घंटे की गति को शून्य पर ले आना। इस दौरान विक्रम खुद को 90 डिग्री लंबवत स्थिति में चंद्रमा की सतह पर उतरेगा।

### 23 अगस्त को ही लैंडिंग क्यों

चंद्रमा पर 14 दिनों का दिन और 14 दिनों का रात होता है। अभी चंद्रमा पर रात है और 23 को सूर्योदय होगा। लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान दोनों सोलर पैनल के इस्तेमाल से ऊर्जा प्राप्त कर सकेंगे।

### लैंडर का अभी क्या हाल

लैंडर अभी चांद की कक्षा में क्षैतिज रूप से चक्कर लगा रहा है। उतरने से पहले इसे 90 डिग्री पर सीधा किया जाएगा। लैंडर चांद पर लैंडिंग करने के लिए उसी तरह बढ़ेगा, जैसे रॉकेट का साथ धरती से उड़ा था।

### हर स्थिति में करेगा लैंड

इसरो चीफ एस सोमनाथ के अनुसार, चंद्रयान-3 को इस तरह बनाया गया है कि अगर सारे सेंसर फेल हो जाए, तब भी यह लैंडिंग करेगा। दोनों इंजन बंद होने पर भी लैंडिंग में सक्षम रहेगा।

### यह हो सकती हैं मुश्किलें

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में बने गड्ढे हमेशा अंधेरे में रहते हैं। 30 किलोमीटर की ऊंचाई से सॉफ्ट लैंडिंग की प्रक्रिया शुरू होगी। इस दौरान लैंडर की रफ्तार को नियंत्रित करना बड़ी चुनौती होगी। इसरो के मुताबिक, लैंडिंग से पहले सुरक्षित और खतरा-मुक्त क्षेत्रों का पता लगाने के लिए लैंडिंग साइट की इमेजिंग की जाएगी। लैंडर क्षैतिज स्थिति में चंद्रमा की ओर उतरेगा और इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग तथा कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी), बेंगलुरु में एमओएक्स के वैज्ञानिक फाइन ब्रेकिंग के लिए कमांड तैनात करेंगे। लैंडर की स्थिति को ऊर्ध्वाधर में बदल दिया जाएगा और उस स्थिति में, यह चंद्रमा पर मंडराएगा, तस्वीरें लेगा, लैंडिंग क्षेत्र का सर्वेक्षण करेगा तथा सुरक्षित लैंडिंग स्थान पर नर्णिय लेगा।

## Highlights

1. Was hired for polio campaign for my 'angry young man' image: Big B
2. Safety rankings of Bharat-NCAP, Global NCAP will be similar: Govt
3. Zara Founder buys skyscraper with 492 luxury apartments for ₹1,926 crore
4. ED arrests Director of West Bengal-based company in ponzi case
5. Neelkanth Mishra appointed as part-time Chairperson of UIDAI

# Reliance Industries Group's Market Capitalisation Falls Over Rs 7,600 Crore




**NEW DEIHI, (Agency).** Reliance Group stocks' market capitalisation declined by Rs 7,611.5 crore in a day, led by the newly listed Jio Financial Services Ltd.

Jio Financial Services closed 5% lower for the second day at Rs 236.45 apiece, losing over Rs 7,909.8 crore in market capitalisation. The shares, valued at close to Rs 1.6 lakh crore, saw flat discovery price of Rs 262 apiece and opened to selling pressure from investors who waited for over 20 days for the stock to list.

The stock hit the 5% lower circuit on Tuesday, as a result of which it will now be removed from all S&P BSE indices on Aug. 29, according to a BSE notice. If JFS continues to hit a lower circuit in the next two days, the removal date will be deferred by another three days, the notice said.

There were no buyers for the stock, according to NSE data. More than 11 crore shares were pending for sale, according to the order book on the second day of trade.

Reliance Industries Ltd.'s market cap fell nearly Rs 405.9 crore on Tuesday. It lost nearly Rs 24,900 crore yesterday, following JFS' debut on the Indian exchanges.

Among other group stocks, Network18 Media and Investments Ltd. rose the most at over 6%, followed by Balaji Telefilms Pvt. and Den Networks Ltd. that rose 3.7% and 2.3%, respectively.

# FILA-backed Doms Industries files draft papers with SEBI, to raise Rs 1,200 crore via IPO

**NEW DEIHI, (Agency).** Italian company FILA-backed stationery and art products maker Doms Industries filed a draft red herring prospectus with the Securities and Exchange Board of India (SEBI) on August 22, with an aim to raise Rs 1,200 crore via an initial public offering.

The public issue comprises a fresh issuance of shares worth Rs 350 crore and an offer-for-sale of Rs 850 crore by promoters.




FILA- Fabbrica Italiana Lapised Affini S.p.A. is the corporate promoter in the company with 51 percent shareholding, offloading shares worth Rs 800 crore via OFS, while domestic promoter Sanjay Mansukhlal Rajani and Ketan Mansukhlal Rajani will be selling shares worth Rs 25 crore each via OFS.

The Gujarat-based company manufacturing and selling products under DOMS brand may consider a pre-IPO placement of Rs 70 crore prior to the filing of the red herring prospectus with the ROC. If the pre-IPO placement is completed, the size of the fresh issue will be reduced to the extent of such pre-IPO placement, the company said in its prospectus.

Doms Industries, which sells products in the domestic market as well as in over 40 countries, claimed to be enjoying 29 percent and 30 percent market share by value in its core products such as pencils and mathematical instrument boxes respectively in FY23.

Himachal Pradesh

# हिमाचल में भारी बारिश से बालद नदी उफान पर, टूटा पुल, राज्य के 12 जिलों में रेड अलर्ट

**सोलन, (एजेंसी)** हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में देर रात से भारी बारिश जारी है. इस बीच सोलन जिले के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में बालद नदी पर बना पुल टूट गया है. भारी बारिश और पानी के तेज बहाव के कारण पुल का एक हिस्सा धंसने की तस्वीरें सामने आई हैं. पुल टूटने से औद्योगिक क्षेत्र बद्दी का संपर्क चंडीगढ़ और हरियाणा से भी कट गया है.

दरअसल, बद्दी में कल रात से ही तेज बारिश हो रही है, जिसके कारण बालद नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है. तेज बहाव के चलते ही पुल का एक हिस्सा टूटकर धंस गया है. इस घटना के बाद पुलिस ने बद्दी से होते हुए नेशनल हाइवे 105 पिंजौर बद्दी और चंडीगढ़ रोड की जाने वाले ट्रैफिक को रोक दिया है. पुल टूटने के बाद यहां से गुजरने वाले ट्रैफिक को अब लक्कड़ डीपू पुल से होते हुए हरोटीवाला की तरफ निकाला जा रहा है.



सोलन में बद्दी के साथ-साथ कई इलाकों में भी भारी बारिश हो रही है. सोलन जिले के ही परवाणू के नजदीक चक्की मोड़ पर भी ट्रैफिक को फिलहाल रोक दिया गया है. यहां गाड़ियों का जमावड़ा ना हो इसलिए वाहनों को वैकल्पिक मार्गों की तरफ डायवर्ट किया जा रहा है. वहीं, हिमाचल प्रदेश के शिमला में आज और कल सभी शिक्षण संस्थान बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं. भारी बारिश के बाद शिमला के उपायुक्त ने यह आदेश जारी किया है. हिमाचल के अलावा पंजाब के कई जिलों और दिल्ली में भी भारी बारिश का अलर्ट है. पंजाब के चंडीगढ़ और अंबाला के लिए मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है. वहीं, रोपड़, पटियाला और कुरुक्षेत्र के लिए ऑरेंज अलर्ट है.

इस बीच उत्तराखंड के 10 जिलों में भी अगले तीन दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है.

Haryana

## छापेमारी से एनकाउंटर तक, नूंह में हिंसा करने वाले आमिर और अलीजान को दबोचा; अब तक 280

**नूंह, (एजेंसी)** बृजमंडल यात्रा में हुई हिंसा के मामले में फरार चल रहे एक उपद्रवी को सोमवार रात पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। अपराध जांच शाखा की टीम ने तावडू से लगी अरावली में छापेमारी की तो आरोपी से मुठभेड़ हो गई इस दौरान पैर में गोली लगने पर वह भाग नहीं पाया और पुलिस ने उसे दबोच लिया। आरोपी की पहचान ढिडारा गांव निवासी आमिर के रूप में हुई है। उस पर पुलिसकर्मी से हथियार लूटकर गोली चलाने का आरोप है।

आरोपी बृजमंडल यात्रा में हिंसा फैलाने के बाद भूमिगत हो गया था। अपराध जांच शाखा की टीम आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। 21 अगस्त की रात को पुलिस को सूचना मिली थी कि नूंह हिंसा का आरोपी आमिर तावडू के पहाड़ में एक खंडहर में छुपा हुआ है। उसके बाद पुलिस की टीम उसकी तलाश में जुटी तो उन्हें खंडहर के बाहर बाइक खड़ी मिली। इस पर जब वहां छापेमारी की तो आरोपी पुलिस टीम को देखकर उन पर गोली चलाने लगा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई तो आरोपी पैर में गोली लगने से वह लड़खड़ाकर नीचे गिर गया।

Uttarpradesh

## कनिष्ठ लिपिक और दलाल चार हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**जैसलमेर, (एजेंसी)** जैसलमेर में एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर जैसलमेर यूनिट ने कार्रवाई करते हुए देवीलाल, कनिष्ठ लिपिक, उपायुक्त उपनिवेशन नाचना जिला जैसलमेर और चेलुराम (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से चार हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की जैसलमेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि मेरे पुत्रों और पुत्री के नाम उपायुक्त उपनिवेशन नाचना द्वारा आवंटित स्माल पेंच, मीडियम पेंच भूमि को खारिज नहीं करने और दावा नोटिस की नकल प्रति देने की एवज में देवीलाल, कनिष्ठ लिपिक, उपायुक्त उपनिवेशन नाचना जिला जैसलमेर द्वारा 25 हजार रुपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

Rajasthan

## बेखौफ बदमाश : गर्भवती को गिराकर 80 हजार लूटे, शातिर जीजा और साले गिरफ्तार

**कानपुर, (एजेंसी)** कानपुर में सत्यम विहार में बाइक सवार दो लुटेरों ने गर्भवती अनुदेशक को धक्का देकर 80 हजार रुपये लूट लिए। वहीं, पेट के बल गिरने से महिला को दर्द भी शुरू हो गया। रात को घटना रिपोर्ट दर्ज की गई। सीसीटीवी कैमरे में कैद दोनों आरोपी जीजा-साले को कल्याणपुर पुलिस ने लूटी गई रकम के साथ पकड़ लिया।

सत्यम विहार निवासी विनीता भौंती प्रतापपुर के सरकारी स्कूल में अनुदेशक हैं। जबकि, उनके पति नीरज कुमार इटावा में बिजली विभाग में जेई पद पर तैनात हैं। विनीता रिटायर पिता रामलखन और माता सीतादि देवी की तबीयत खराब होने के चलते मायके में थी। सोमवार की दोपहर को विनीता पनकी रोड स्थित एसबीआई से रुपये निकालने के लिए गईं, जहां उन्होंने पिता के खाते से 50 हजार और अपने अकाउंट से 30 हजार रुपए निकाले। इसी दौरान लुटेरे विनीता की रेकी कर रहे थे। रकम को बैग में रखने के बाद वह ई-रिक्शा पर बैठ सत्यम विहार रोड पर एक शोरूम के सामने उतरी। वहां से वह पैदल ही अपने घर को जाने लगीं। इसी दौरान बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मार उनका बैग छीन लिया और धक्का देकर विनीता को सड़क पर गिरा दिया।

खेल

ISSF World Championships

## सिफ्त कौर ने दिलाया छठा ओलंपिक कोटा, 50 मीटर थ्री पोजीशन में पांचवें स्थान पर रहीं

**नई दिल्ली। शूटिंग के लिए एमबीबीएस की पढ़ाई को छोड़ देने वाली पंजाब की निशानेबाज सिफ्त कौर समरा ने विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में देश को छठा पेरिस ओलंपिक का कोटा दिलाया। सिफ्त 50 मीटर थ्री पोजीशन पदक जीतने से चूक गईं और पांचवें स्थान पर रहीं, लेकिन कोटा जीतने में सफल रहीं। 21 वर्षीय इस शूटर ने हाल ही में चेंगदू (चीन) में हुए विश्व यूनिवर्सियाड में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने यहां क्वालिफाइंग दौर में रिकॉर्ड 589 का स्कोर किया।**



**नीलिंग पोजीशन में अच्छा नहीं कर पाईं सिफ्त-** सिफ्त ने कहा कि वह महिलाओं की 50 मीटर में देश के लिए पहला ओलंपिक कोटा जीतकर बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि उनकी नीलिंग पोजीशन (घुटने के बल बैठकर निशाना लगाना) क्वालिफिकेशन दौर में ठीक नहीं थी, लेकिन उनकी स्टैंडिंग पोजीशन (खड़े होकर निशाना लगाना) शानदार रही। उन्होंने प्रोन (लेटकर निशाना लगाना) में 199, स्टैंडिंग में 198 और नीलिंग में 192 का स्कोर किया। फाइनल में यह उनकी नीलिंग पोजीशन थी, जिसमें वह आठवें स्थान पर लुढ़क गईं, लेकिन प्रोन और स्टैंडिंग में अच्छा कर वह पांचवें स्थान पर रहीं। चीन की झांग क्विंगयू और हांग जिआयू ने स्वर्ण और रजत जीता। इस चैंपियनशिप में सिफ्त के अलावा मेहुली घोष (10 मीटर एयरराइफल), अखिल श्योराण (50 मीटर थ्री पोजीशन) ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं।

सिनेमा

## गदर 2 का भौकाल, सनी देओल की फिल्म ने कमाए 400 करोड़, टूटे रिकॉर्ड्स




कोरोना लॉकडाउन के बाद से बैकफुट पर गए बॉलीवुड ने क्या जबरदस्त वापसी की है. 2023 में पठान से शुरू हुआ बॉक्स ऑफिस सक्सेस का ये सिलसिला अभी तक जारी है. बॉलीवुड के अच्छे दिन लौट आए हैं. हिंदी सिनेमा के फैंस की खुशी सातवें आसमान पर है. अगस्त में बॉलीवुड का डंका बज रहा है और इसमें सबसे बड़ा योगदान है सनी देओल की फिल्म गदर 2 का. इसकी बॉक्स ऑफिस पर हो रही ताबड़तोड़ कमाई ने हर किसी को हैरान कर दिया है.

किसी ने नहीं सोचा था 22 साल बाद लौटकर तारा सिंह ऐसा भौकाल मचाएंगे. अनिल शर्मा के डायरेक्शन में बनी फिल्म गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है. मूवी ने 12 दिन में 400 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. सनी देओल की पहली 400 करोड़ी फिल्म बनी गदर 2 हर दिन के कलेक्शन के साथ गर्दा उड़ा रही है. फिल्म के 12वें दिन के शुरुआती आंकड़े सामने आए हैं. इसके मुताबिक, सनी की मूवी ने मंगलवार को 11.50 करोड़ के करीब कमाई की है. जिसे मिलाकर गदर 2 ने 400 करोड़ पार कर लिए हैं. दूसरे मंगलवार को फिल्म की कमाई में हल्की सी गिरावट जरूर दर्ज की गई है, बावजूद इसके फिल्म धमाल मचा रही है. वर्किंग डेज में भी गदर 2 ने मजबूत पकड़ बना रखी है.

# प्रतिबंधित संगठन सिमी के कार्यकर्ता को 3 साल की सजा

## आपत्तिजनक पर्चे वितरित करने का लगा था आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। प्रतिबंधित संगठन सिमी के कार्यकर्ता को आपत्तिजनक पर्चे वितरित करने के मामले में कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई है। जिला अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेजट प्रथम श्रेणी रेखा तिवारी (इन्दौर) ने थाना खजराना के केस में निर्णय पारित करते हुए आरोपी मोहम्मद नावेद इरफान को धारा 153-ए और धारा 13 विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम में 3-3 साल की सजा और 2 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजक सुनील जाट ने की।

दरअसल, 7 अप्रैल 2008 को थाना खजराना के सउनि पीके प्रधान को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कदर कामानी खजराना में इरफान पिता मो. यूनुस जो कि हीरोहोडा कंपनी में काम करता था वह आजकल प्रतिबंधित सिमी की गतिविधियों मे संलग्न होकर फंड इक_ा कर रहा है। साथ ही सिमी के सिद्धांतो से मुस्लिम बाहुल्य इलाके में दो समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाने का प्रयास कर रहा है। उसकी पूरी कोशिश है कि मुसलमान एवं हिंदू समुदायों के बीच कटुता पैदा होकर दंगे हो। वह उस दिन शाम को इंदौर में कहीं बाहर जाने वाला था तथा रास्ते में पोस्टर व पर्चे वितरित करेगा और इसके एवज मे चंदा वसूलेगा। सूचना पर कार्यवाही के लिए टीम रवाना हुई। कादर कालोनी जाकर आरोपी के मकान की तस्दीक की और वहां से आकर कादर कॉलोनी से मिनी बस स्टॉप जाने वाले रास्ते पर घेरा बंदी करने पर थोड़ी देर में ही कालोनी के अंदर से एक लडक़ा काली टी-शर्ट और पेंट पहने हाथ में एक सफेद रंग की पॉलिथिन लिए आता दिखाई दिया। जिसे रोककर पूछताछ करने पर उसने उसका नाम अलग-अलग बताया। पूछताछ करने पर उसने उसका नाम मोहम्मद नावेद इरफान निवासी कादर कॉलोनी खजराना का बताया था। उसके पास पॉलिथिन की तलाशी लेने पर उसमें से एक उर्दू में छपी पत्रिका मिली व प्रतिबंधित संगठन सिमी से संबंधित कुछ आपत्तिजनक पंप्लेट्स और 7 अप्रैल 2008 का समाचार पत्र सिटी ब्लास्ट मिले थे। जिनके बारे में पूछताछ कर पाया कि हिन्दू व इनकी सरकार मुस्लिमों पर जुल्म ढा रहे है। उनके संगठन सिमी को इस देश के कानून पर विश्वास नहीं है। वह सिमी के झंडे तले संगठित होकर अपने फैसले खुद करेंगे चाहे कुछ हो जाए। वह इसी तरह से फंड इक_ कर संगठन को मजबूत रखेंगे आरोपी से प्राप्त पंप्लेट्स प्रतिबंधित थे। जो यदि वितरित हो जाते तो निश्चित ही इस क्षेत्र में हिन्दू मुस्लिम दंगा हो सकता था। आरोपी के खिलाफ क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1967 की धारा 10,11,13 व धारा 153क, 153ख का दंडनीय अपराध पाए जाने से आरोपी से आपत्तिजनक दस्तावेज और मोबाइल जब्त जब्त किए। आरोपी को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया। कोर्ट में पुलिस ने चालान पेश किया। जिसके बाद आरोपी को सजा सुनाई गई।


# एफआईआर की मांग का ज्ञापन सौंपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर**। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के भाषण में कांट छाट कर झूठ व असत्य कथन से भाषण को आगामी विधानसभा चुनाव में आम जनता को भ्रमित करने के उद्देश्य से प्रसारित करने पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक भूपेंद्र कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में विधानसभा प्रभारी योगेंद्र यादव, जिला कार्यसमिति के सदस्य विपुल पटेल, अभिभाषक विजय नागर, अभिषेक पटेल, आशीष सोनी, संदीप ठाकुर, अतीक अहमद आदि अधिवक्ताओं ने देपालपुर थाने पर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराने की मांग की।

# वाहन पलटा, ड्राइवर घायल

**इंदौर**। किशन गंज थाना क्षेत्र में आने वाले महू - इंदौर रोड़ पर मालवीय नगर में लोडिंग वाहन पलट गया। मामले में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई हैं। यहां मौजूद राहगीरों ने बताया कि लोडिंग वाहन तेज गति से आ रहा था। इस दौरान सामने से दूसरा वाहन आने से लोडिंग असंतुलित होकर रोड़ के नीचे जाकर पलट गया। हादसे के दौरान ड्राइवर वाहन में फस गया,जिसे यहां मौजूद लोगों ने तुरंत बाहर निकाला। इस मार्ग पर पहले भी कई ओवर लोडिंग वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। लोडिंग संचालक भारी मात्रा में समान गाडिय़ों में भर लेते हैं, जिससे इस मार्ग पर अक्सर हादसे होते रहते हैं।




# मोबाइल व्यापारी ने फांसी लगाकर दी जान

## सुसाइड की वजह तलाश रही पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आजाद नगर में रहने वाले मोबाइल व्यापारी ने रविवार को खुदकुशी कर ली। पुलिस के मुताबिक कुछ व्यापारियों के पास उसका करोड़ों रुपए अटक गया था। इस लेनदेन का कोई प्रमाण नहीं होने के कारण लोग उसका पैसा वापस नहीं कर रहे थे। इसके चलते वह डिप्रेशन में था। जल्द पूरी कहानी सामने आएगी। हालांकि परिवार ने किसी तरह की परेशानी होने की बात से इंकार किया है।**

आजाद नगर इलाके के मदीना नगर में रहने वाले अमीर पिता जमील खान ने रविवार को फांसी लगा ली। आमीर जेल रोड का बड़ा मोबाइल करोबारी है। बताया जाता है कि उसका करोड़ों रुपये मार्केट में उलझ गया था। वह इस बात को लेकर काफी तनाव में था। मामले में आजाद नगर टीआई नीरज मेंढा का कहना है कि परिवार के बयान के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक आमीर ने अपने मोबाइल का अवैध कारोबार देश के कई राज्यों सहित बांग्लादेश में भी फैला लिया था। आमीर अपनी गैंग के साथ आईएमईआई नंबरों को बदल देता था। इस धंधे से उसने करोड़ों रुपए कमाए थे। सूत्रों का कहना है कि आमीर ने अपना काला धन जेल रोड सहित अन्य जगहों के व्यापारियों को ब्याज पर दिया था। लेकिन वे आमीर का पैसा वापस नहीं कर रहे थे। डॉलर मार्केट से कारोबार शुरू करने वाले आमीर ने पैसा अधिक आ जाने के कारण डॉलर मार्केट से ही दूरी बना ली थी।

### तमिलनाडु पुलिस ने की थी जांच

तमिलनाडु की जांच एजेंसी ने दिसंबर 2020 में एक गैंग का खुलासा किया था। इस गैंग ने कृष्णागिरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कंटेनर के ड्राइवर के साथ मारपीट करते हुए वारदात को अंजाम दिया। इस गैंग ने करीब 33 बार कंटेनर की नंबर प्लेट बदली। इसमें अलग-अलग राज्यों से इंदौर में माल की डिलीवरी हुई। इसके बाद यहां भरत उसके भाई और अमीर ने इन मोबाइल का सौदा किया। जिसके बाद तमिलनाडु पुलिस ने इन पर कार्रवाई की थी। तमिलनाडु की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम को यह पता चला था कि भरत और आमीर ने इस गिरोह से माल लेकर इंदौर, भोपाल, मुंबई, दिल्ली, कोलकाता के साथ बांग्लादेश में भी मोबाइल बेचे हैं। इसके बाद टीमों ने यहां भी रेड की। इसमें गैंग से पता चला कि यह मोबाइलों के आईएमआई नंबर बदल देते थे। जिसमें एक बड़ा रैकेट का खुलासा हुआ।

# पुलिस को देख टेबल के नीचे छिपाई शराब

## एसीपी ने की चेकिंग, कार्रवाई के बाद ढाबा संचालकों को चेतावनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **गांधीनगर महिला एसीपी ने रात में अपने सर्कल के थाना क्षेत्रों में ढाबों पर चेकिंग की। इस दौरान यहां अवैध तरीके से पिलाई जा रही शराब को लेकर ढाबे पर कार्रवाई की। देर रात तक खुले ढाबा संचालकों को शराब ना पिलाने और समय पर बंद करने की हिदायत दी।**

इंदौर जोन 2 के डीसीपी अभिषेक आनंद ने लसूडिय़ा और कनाडिय़ा इलाकों के ढाबो पर चेकिंग की। इधर गांधीनगर एसीपी रूबीना खान ने राउ, राजेन्द्रनगर के ढाबों पर जाकर चेकिंग की। यहां बैठे कई लोगों की ब्रेद एनालाइजर से टेस्टिंग की गई। वहीं शराब पिलाने वाले ढाबा संचालक पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। एसीपी रूबीना खान बायपास इलाके के एक ढाबे पर पहुंची। यहां टेबल के नीचे कस्टमर ने शराब की बोतल छिपा दी। इसके बाद उन्हें थाने भेजकर शराब पीने के मामले में कार्रवाई की गई। वहीं ढाबा संचालक पर भी आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। कमिश्नर के आदेश के बाद सभी थाना इलाकों में बायपास पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।